https://www.rajasthanboard.com

इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न तथा **11** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

**Roll No.** / **अनुक्रमांक** ______________________

**Code No. :** / **कोड नं०** **08/19-20/8/201**

**Sl.No.**

# HINDI
## ( हिन्दी )
## (201)

**Day and Date of Examination :** ______________________

**(परीक्षा का दिन व दिनांक)**

**Signature of Invigilators :** **1.** ______________________

**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**

**2.** ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।



https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

OS/19-20/S/201

# HINDI

# ( हिन्दी )

# (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 1(

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं ।

https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com



https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 5 × 1 = 5

(i) पावस-ऋतु में कौन मौन साध लेता है ?

(A) गिल्लू (B) कोयल

(C) चिड़िया (D) कौआ ।

(ii) 'पाठ पौरुष का पढ़ो !' पंक्ति में कवि किसका पाठ पढ़ने को कह रहे हैं ?

(A) आलस्य का (B) ज्ञान का

(C) घृणा का (D) पुरुषार्थ का ।

(iii) 'जानत सकल जहान' पंक्ति में जहान का अर्थ है

(A) जहाज (B) संसार

(C) स्वर्ग (D) कपूर ।

(iv) देह की पतली कौन है ?

(A) अलसी (B) सरसों

(C) चिड़िया (D) मछली ।

(v) "उस्ताद जी, आजादी क्या होती है ?" यह किसने पूछा ?

(A) दर्जी ने (B) शागिर्द ने

(C) मुसाफिर ने (D) किसान ने ।

https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com



https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15 - 20** शब्दों में लिखिए : 6 × 1 = 6

(i) 'करत-करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान'

जड़मति सुजान कैसे बनते हैं ?

(ii) 'इसे जगाओ' कविता में कवि किसे जगाने को कह रहा है ?

(iii) 'नदियाँ मुँह ढाँपकर रोती हैं ।' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(iv) समाचार के प्रमुख प्रकारों के नाम लिखिए ।

(v) 'आजादी' की फसल को कौन काट सकता है ?

(vi) 'चन्द्र गहना से लौटती बेर' कविता में चना कैसा लग रहा है ?

3. निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है, इसके कवि का नामोल्लेख करते हुए काव्यांश का भाव-सौंदर्य एवं शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 3

बीती विभावरी जाग री ।
अंबर पनघट में डुबो रही –
तारा-घट ऊषा-नागरी ।
खग-कुल कुल-कुल-सा बोल रहा
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई –
मधु-मुकुल नवल रस गागरी ।

**अथवा**

फाग गाता मास फागुन
आ गया है आज जैसे ।
देखता हूँ मैं; स्वयंवर हो रहा है
प्रकृति का अनुराग अंचल हिल रहा है
इस विजन में
दूर व्यापारिक नगर से
प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है ।



https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



4. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग **50** शब्दों में दीजिए : 5

निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटि छवाय ।

बिन पानी साबुन बिना, निरमल करत सुभाय ।।

पद्यांश में कवि क्या प्रेरणा दे रहा है ?

**अथवा**

'आज़ादी कविता के अनुसार आजादी का क्या मतलब है ?

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर **25** शब्दों में दीजिए : $3 \times 2 = 6$

(i) 'फाग गाता मास फागुन आ गया है ।' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ? प्रयुक्त अलंकार का लक्षण लिखिए ।

(ii) 'जो लोग पीछे थे तुम्हारे, बढ़ गए, हैं बढ़ रहे ।' पंक्ति में कवि क्या चेतावनी दे रहा है ?

(iii) रहीम के अनुसार कोयल मौन क्यों साध लेती है ?

(iv) 'इसे जगाओ' कविता के अनुसार बेवक्त जागने पर क्या होगा ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

(i) गिलहरियों के जीवन की अवधि कितने वर्ष से अधिक नहीं होती ?

(A) एक वर्ष (B) तीन वर्ष

(C) दो वर्ष (D) चार वर्ष ।

(ii) "तुम्हारा देश महान है, जो युद्ध के देवता हिटलर को भी जन्म दे सकता है और तुम्हारे-जैसी सेवाशील बालिका को भी ।" वाक्य में 'तुम्हारे-जैसी' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(A) क्रिस्ट हैल्ड (B) मदर टेरेसा

(C) रोगिणी (D) रोहिणी ।



https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



(iii) संपादक की टिप्पणी को कहते हैं

(A) संपादन (B) ब्यौरा

(C) संपादकीय (D) इन्ट्रो ।

(iv) 'अंधेर नगरी' अध्याय की विधा है

(A) ललित निबंध (B) कहानी

(C) रिपोर्ताज (D) नाटक ।

(v) किस अंतरिक्ष यान का नाम 'कल्पना- I' रखा गया ?

(A) आर्यभट्ट (B) कोलंबिया

(C) मेट-सेट (D) सी- I यू ।

(vi) 'बहादुर' पाठ में बहादुर का वास्तविक नाम क्या है ?

(A) दिल बहादुर (B) जंग बहादुर

(C) रंग बहादुर (D) रूप बहादुर ।

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 + 2 + 2 = 5

जातियाँ इस देश में अनेक आई हैं । लड़ती-झगड़ती भी रही हैं, फिर प्रेम-पूर्वक बस भी गई हैं । सभ्यता की नाना सीढ़ियों पर खड़ी और नाना ओर मुख करके चलने वाली इन जातियों के लिए एक सामान्य धर्म खोज निकालना कोई सहज बात नहीं थी । भारतवर्ष के ऋषियों ने अनेक प्रकार से इस समस्या को

https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com



https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



सुलझाने की कोशिश की थी । पर एक बात उन्होंने लक्ष्य की थी । समस्त वर्णों और जातियों का एक सामान्य आदर्श भी है । वह है – अपने ही बंधनों से अपने को बाँधना ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

(ख) जातियों के लिए क्या सहज बात नहीं थी ?

(ग) ऋषियों ने कौन-सी बात लक्ष्य की ?

**अथवा**

बात यह है कि कल कोतवाल को फाँसी का हुक्म हुआ था । जब फाँसी देने को उनको ले गए, तो फाँसी का फंदा बड़ा हुआ, क्योंकि कोतवाल साहब दुबले हैं । हम लोगों ने महाराज को अर्ज़ किया, इस पर हुकुम हुआ कि एक मोटा आदमी पकड़कर फाँसी दे दो, क्योंकि बकरी मारने के अपराध में किसी-न-किसी को सज़ा होनी ज़रूर है, नहीं तो न्याय न होगा । इसी वास्ते तुमको ले जाते हैं कि कोतवाल के बदले तुमको फाँसी दे ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

(ख) कोतवाल को फाँसी क्यों नहीं दी गई ?

(ग) महाराज ने क्या हुकुम दिया ?

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 7 × 1 = 7

(i) बहादुर घर से भागते हुए भी अपने निर्दोष होने का सबूत कैसे दे जाता है ?

(ii) 'गिल्लू' ने लेखिका का ध्यान आकृष्ट करने का क्या उपाय खोज निकाला ?



https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



(iii) मदर टेरेसा ने - 'आप इस जर्मन लड़की के साथ प्यार से रहती हो ?' प्रश्न का क्या उत्तर दिया ?

(iv) बचेंद्री अपनी पढ़ाई का खर्चा कैसे जुटाने लगी ?

(v) समाचार-स्रोत किसे कहते हैं ?

(vi) राजकुमार के अनुसार गौरैया को ठंड क्यों नहीं लग रही थी ?

(vii) निबंध के प्रमुख अंगों के नाम लिखिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **20 - 20** शब्दों में लिखिए : 4 × 2 = 8

(i) महंत, गोरधनदास को इस नगर में रहने के संबंध में क्या सीख देते हैं ?

(ii) लेखक के अनुसार नाखून बढ़ना हमारी किस प्रवृत्ति के अवशेष है ?

(iii) वाजिद अली शाह के समय में लखनऊ का वातावरण कैसा था ?

(iv) कार्यालयी-पत्र क्या होता है ? संक्षिप्त परिचय लिखिए ।

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **40 - 50** शब्दों में लिखिए : 3 × 3 = 9

(i) 'अंधेर नगरी' नाटक शासन-प्रशासन की अव्यवस्था को कैसे उजागर करता है ?

(ii) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी का संदेश लिखिए ।

(iii) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' पाठ के अनुसार हमारे शरीर की अनायास वृत्तियाँ कैसी एवं क्यों हैं ?

(iv) समाचार एवं विज्ञापन की भाषा का अंतर स्पष्ट कीजिए ।



https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



11. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

'सा विद्या या विमुक्तये' अर्थात् विद्या अथवा शिक्षा वही है जो हमें मुक्ति दिलाती है । यह मुक्ति अज्ञान से, अंधकार से तथा अकर्मण्यता से है । बालक जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त कुछ न कुछ सीखता रहता है, किन्तु औपचारिक शिक्षा प्राप्ति का उद्देश्य उसके सामने स्पष्ट होना आवश्यक है । आज हमारी शिक्षा नीति केवल जीवन निर्वाह की शिक्षा व्यवस्था दे रही है जबकि होना यह चाहिए कि शिक्षा जीवन निर्वाह की अपेक्षा जीवन निर्माण का उद्देश्य पूर्ण करें ।

(क) 'सा विद्या या विमुक्तये' का क्या अर्थ है ?

(ख) शिक्षा से हमें किन क्षेत्रों में मुक्ति मिलती है ?

(ग) बालक के समक्ष क्या स्पष्ट होना आवश्यक है ?

(घ) शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है ?

(ङ) गद्यांश का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

12. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

चाह नहीं, मैं सुरबाला के
गहनों में गूँथा जाऊँ
चाह नहीं सम्राटों के शव पर
हे हरि ! डाला जाऊँ,
चाह नहीं देवों के सिर पर
चढ़ूँ, भाग्य पर इठलाऊँ
मुझे तोड़ लेना वनमाली
उस पथ पर देना तुम फेंक
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ जाएँ वीर अनेक ।

(क) पद्यांश का शीर्षक लिखिए ।



https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



(ख) पुष्प की क्या चाह नहीं है ?

(ग) देवताओं के सिर पर चढ़ पुष्प क्या नहीं चाहता ?

(घ) पुष्प माली से क्या चाहता है ?

(ङ) कविता का मूल संदेश लिखिए ।

13. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए : 5

पृथ्वी माता है, मैं उसका पुत्र हूँ । यही स्वराज्य की भावना है । जब प्रत्येक व्यक्ति जिस पृथ्वी पर उसका जन्म हुआ है, उसे अपनी मातृभूमि समझने लगता है, तो उसका मन मातृभूमि से जुड़ जाता है । मातृभूमि उसके लिए देवता हो जाती है । उसके हृदय के भाव मातृभूमि के हृदय में जा मिलते हैं । जीवन में चाहे जैसा अनुभव हो, वह मातृभूमि से द्रोह की बात नहीं सोचता, मातृभूमि के प्रति जब यह भाव दृढ़ होता है, वहीं से सच्ची राष्ट्रीय एकता का जन्म होता है ।

14. अपने मित्र मंजीत को उसके पिता की मृत्यु होने पर सांत्वना पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

स्वयं को रावतभाटा निवासी नरेश मानकर अपने प्रधानाचार्य रा० उ० मा० वि० रावतभाटा को विद्यालय में खेल गतिविधियों की सुचारु व्यवस्था हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए ।

15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए : $10 \times 1 = 10$

(i) 'व्यक्ति' एवं 'व्यावहारिक' शब्दों का संधि-विच्छेद लिखिए ।

(ii) द्वंद्व समास को परिभाषित करते हुए इसका एक उदाहरण लिखिए ।



https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com

https://www.rajasthanboard.com



(iii) 'संवेदना' एवं 'परिचारिका' शब्दों के उपसर्ग लिखिए ।

(iv) हिंदी भाषा मूलतः किस लिपि में लिखी जाती है ? नाम लिखिए ।

(v) 'विश्वास' एवं 'स्वार्थ' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।

(vi) 'जिसे जीता न जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए ।

(vii) 'हाथ बँटाना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(viii) भोजन बनाने की व्यवस्था का प्रबंध करो । वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए ।

(ix) निम्नलिखित वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए :

दासता युक्त जीवन ठीक नहीं

(x) रचना के आधार पर वाक्यों के नाम लिखिए ।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(i) मेरा प्रिय खेल

(ii) विज्ञान अभिशाप या वरदान

(iii) कन्या भ्रूण हत्या : एक कलंक

(iv) मेरा देश : मेरा गौरव

(v) मोबाइल वरदान या अभिशाप ।

https://www.rajasthanboard.com
https://www.rajasthanboard.com

**https://www.rajasthanboard.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**



https://www.rajasthanboard.com